दिनांक 21.02.2024 को श्रीमती गरिमा सिंह (भा.प्र.से.) उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति :- यथा पंजीनुसार

सर्वप्रथम उपायुक्त, लातेहार के द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए प्रभारी पदाधिकारी, डी०एम०एफ०टी०, लातेहार के द्वारा बैठक में PPT के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

- स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत विशिष्ट चिकित्सकीय उपकरण एवं विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानो में आवश्यकता आधारित सामग्री/योजनाओं की सूची तैयार कर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार को अविलंब उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त, लातेहार द्वारा निदेशित किया गया। साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों व अन्य सोलर उपकरणों की टेंडर प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण कर लेना सुनिश्चत करेंगे।

(अनुपालन : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार)

- समीक्षा बैठक में पुराना पुलिस लाईन बालिका छात्रावास 100 बेड का निर्माण एवं पुराना पुलिस लाईन धर्मपुर में स्पोर्टस के लिए बालिका छात्रावास 100 बेड का निर्माण स्थल में पेड़ होने के कारण कार्य अबतक चालू नहीं हो पाया है। इस संबंध में उपायुक्त, लातेहार द्वारा निदेशित किया गया कि कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार से समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए योजना को अतिशीघ्र प्रारंभ कराना सुनिश्चित करायेंगें।

(अनुपालन : कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लातेहार)

- वित्तीय वर्ष 2023-24 की वैसी स्वीकृत योजनाएं जिनका टेंडर लम्बित है उन योजनाओं में एक सप्ताह के अन्दर टेंडर का निष्पादन कर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

- बैठक में उपायुक्त, लातेहार के द्वारा सभी कार्यकारी एजेंसी को यह निदेश दिया गया कि डी०एम०एफ०टी०, लातेहार के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब एवं कार्य की प्रगति 0% (जीरो) नहीं हो, यह सुनिश्चित करेंगे। लम्बित योजनाओं में जिनका कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन योजनाओं का कार्य तीव्र गति से करते हुए कार्य को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

- जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार की बैठक में उपायुक्त, लातेहार ने सभी पदाधिकारी को खनन प्रभावित क्षेत्र अन्तर्गत PMKKKY मार्गदर्शिका के अनुरूप नये योजनाओं के संदर्भ में सुझाव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : सभी संबंधित पदाधिकारी, लातेहार जिला)

- उपायुक्त, लातेहार के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार को जिले अन्तर्गत संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों का वर्तमान स्थिति की जाँच करते हुए उनका नवनिर्माण एवं मरम्मति हेतु आँगनबाड़ी केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार)

- समीक्षा के क्रम में नजारत उप समहर्त्ता, लातेहार को निदेशित किया गया कि विभिन्न विद्यालयों में RO अधिष्ठापन हेतु टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : नजारत उप समहर्त्ता, लातेहार)

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

21/02/2024 | 21/2/24 | 21/2

प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।	उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।	उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

21/02/24

ज्ञापांक 180/डी0एम0एफ0टी0, दिनांक 21/02/2024

प्रतिलिपि :– सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित पदाधिकारी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/02/2024 | 21/2/24 | 21/2

प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।	उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।	उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

21/02/24